**गुड न्यूज** | कच्चे माल के रूप में किसानों से आलू, मक्का, चावल और जौ की खरीद होगी

# फर्रुखाबाद में 570 करोड़ रुपये से लगेगी डिस्टिलरी

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर

फर्रुखाबाद के खिमसेपुर गांव में ₹570 के निवेश से 40 एकड़ जमीन पर डिस्टिलरी और ब्रूअरी स्थापित की जाएगी। यहां रोज 300-400 टन अनाज और 600 टन आलू का प्रसंस्करण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने वुडपेकर ग्रीन एग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड को जमीन का आवंटन पत्र जारी कर दिया। लखनऊ के लोक भवन में शुक्रवार को सचिव (अवस्थापना) अभिषेक प्रकाश ने इस संबंध में सोम ग्रुप के अधिकारियों के साथ बैठक की।

**1,350**
**लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष मिलेगा रोजगार, नवंबर 2026 में शुरू होगा उत्पादन**

फर्रुखाबाद जिले में बड़े पैमाने पर आलू का उत्पादन होता है, जिस साल ज्यादा फसल होती है, उस साल किसानों के पास आलू फेंकने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। बीते कुछ साल से किसान और कोल्ड स्टोर मालिकों की मांग थी कि फर्रुखाबाद में खाद्य प्रसंस्करण यूनिट स्थापित की जाए, ताकि आलू के सही दाम मिलें और बहुमूल्य फसल फेंकनी न पड़े।



मध्य प्रदेश बेस्ड सोम ग्रुप ने फर्रुखाबाद के खिमसेपुर गांव में अत्याधुनिक डिस्टिलरी और ब्रूअरी स्थापित करने का फैसला किया है। स्थानीय किसानों से उनकी उपज लेकर इस फैक्ट्री में एथेनॉल, स्टार्च, ग्लूटेन, कार्बोनेटेड वॉटर, अन्य बेवरेजेज और मवेशियों का चारा आदि बनाए जाएंगे। सचिव अभिषेक प्रकाश ने कहा कि यूनिट स्थापित करने के लिए सोम ग्रुप को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। अधिकतम 6 हफ्ते में कंपनी को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी कर दिया जाएगा। सोम ग्रुप के सीईओ दीपक अरोड़ा ने कहा कि सारी जरूरी स्वीकृतियां मिलने के बाद 15-18 महीने में कंपनी उत्पादन शुरू कर देगी। यहां प्रत्यक्ष रूप से 350 और परोक्ष रूप से 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी किसानों से आलू, मक्का, चावल और जौ खरीदेगी। ज़ीरो-डिस्चार्ज होने के कारण यूनिट पर्यावरण अनुकूल होगी। कंपनी निर्यात भी करती है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि अथॉरिटी ने ऑनलाइन प्रक्रिया से सिर्फ 10 दिनों में सोम ग्रुप के लिए जमीन सुरक्षित कर दी। हंटर बीयर के लिए विख्यात कंपनी अप्रैल से फैक्ट्री निर्माण शुरू करेगी। नवंबर 2026 से उत्पादन शुरू होने की संभावना है। फर्रुखाबाद का खिमसेपुर मेगा इंडस्ट्रियल एरिया बड़े निवेशकों की पसंद बनता जा रहा है। अथॉरिटी ने इंडोरामा वेंचर्स को यहां 65 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस फैक्ट्री का निर्माण भी जारी है। खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। यहां 30 मीटर चौड़ी सड़क के अलावा 132 केवी सबस्टेशन, सीईटीपी और एलईडी स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की जा रही हैं। खिमसेपुर जीटी रोड से सिर्फ 10 किमी दूर है।



लोक भवन में शुक्रवार को सचिव (अवस्थापना) अभिषेक प्रकाश ने सोम ग्रुप के अधिकारियों के साथ बैठक की।